भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

81AE 463443

यह जनरल स्टाम्प पेपर.........................................
.................................................................
जिला..................................फाइल नं०I...174845
के..........................................के साथ सलग्न है

सत्य प्रतिलिपि
सहायक
कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स
लखनऊ

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)

प्रारूप-9
नियम 8(2) देखिये

संख्या 02779/2019-2020 दिनांक 24/01/2020

# सोसाइटी के नवीनीकरण का प्रमाण-पत्र

## (अधिनियम संख्या 21, 1860 के अधीन )

नवीनीकरण
संख्या:R/LKH/04129/2019-2020 पत्रावली संख्या:1-174845 दिनांक:2014-2015

एतदद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि **स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट, स्मृति वाटिका प्रीतमपुरवा बोझवा,मजरा मटेहिया परगना भूड,तह0 पलियाकलॉ, जिला-खीरी, खीरी , 262901** को दिये गये रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र संख्या-1577 दिनांक-16/10/2014 को दिनांक-16/10/2019 से पांच वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकृत किया गया है।

1200 रूपये की नवीनीकरण फ़ीस सम्यक् रूप से प्राप्त हो गयी है ।

Digitally Signed By
(VINAY KUMAR SRIVASTAVA)
572E833120B2128D9DAA66F36AED95A3DF6233DE
Date: 24/01/2020 11:43:22 AM, Location: Lucknow.

जारी करने का दिनांक-24/01/2020

सोसाइटी के रजिस्ट्रार,
उत्तर प्रदेश ।

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)

# संशोधित स्मृति पत्र

(1) संस्था का नाम :: स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट ।

(2) संस्था का पता :: स्मृति वाटिका प्रीतमपुरवा,बोझवा,मजरा मटेहिया परगना भूड तह0 पलियाकलॉं जिला–खीरी ।

(3) संस्था का कार्यक्षेत्र :: सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश।

(4) <u>संस्था के उद्देश्य</u> ::

1. जन साधारण का सामाजिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक, शैक्षिक, बौद्धिक व आध्या विकास करना।
2. शैक्षिक विकास हेतु विद्यालयों,बालिका विद्यालयों,महाविद्यालयों/कालेजों एवं महाविद्यालय की स्थापना करना जिनमें प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक व्यवस्था राज्य एंव केन्द्र सरकार के मानक के अनुसार करना।
3. ज्ञान वर्धन हितार्थ निःशुल्क पुस्तकालय एवं वाचनालय की व्यवस्था करना।
4. समय–समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम,विचार गोष्ठी, सेमिनार, सम्मेलन, खेलकूद प्रतियो वाद–विवाद प्रतियोगिता,सामूहिक विवाह, स्वास्थ्य मेला,किसान मेला कवि सम्मेलन, कार्यक्रम ,धार्मिक अनुष्ठान, जागरूकता शिविर, पल्स पोलियो प्रतिरक्षण शिविर, स्व शिविर,,सामाजिक जागरूकता आदि का आयोजन करना।
5. महिलाओं,बालिकाओं,युवाओं,को सिलाई कढ़ाई,बुनाई,दरदोजी,शिल्पकला,हस्त शिल्प, कला ,संगीत, साहित्य, नृत्य ,अभिनय, गायन, वादन, फोटोग्राफी, क्रियेटिव राइटिंग चिकन, व्यूटीशियन, फैशन डिजाइनिंग, दरदोजी, डाल मेकिंग, फ्लावर मेकिंग, फल प्रसंस्करण,खाद्य प्रसंस्करण, प्रिंटिंग, स्क्रीन प्रिटिंग, पेंटिग ,वाल पेन्टिंग आदि का निःशु प्रशिक्षण दिलाकर उनमें स्वावलम्बन की भावना जागृत करना।
6. समाज के मूक बधिरों, विकलांगों, मंद बुद्धि लोगों, नेत्रहीनों,विधवाओं,बृद्धों,मजदूरों, कार्र ,बुनकरो,दस्तकारों,हस्तशिल्पियों,निराश्रित बेरोजगारों के कल्याण एवं उत्थान हेतु कार्य व
7. अनुसूचित जातियों, अनसूचित जनजातियों, अल्पसंख्यकों, दलितों, पिछड़ी जातियें शोषित वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान हेतु कार्य करना।
8. सामाजिक एकता एवं साम्प्रदायिक सदभाव शिविरों का आयोजन करना तथा सभी ध लोगों में आपसी सौहार्द एवं विश्व बंधुत्व की भावना जागृत करना।
9. युवा एवं महिला विकास हेतु समूह बनाकर विकास कार्य करना।
10. हिन्दी, अंग्रेजी,उर्दू,एवं संस्कृत भाषा तथा भारतीय संस्कृति एवं कला का प्रचार प्रसार व तथा हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिलाने की व्यवस्था करना।

Manisha Tiwari

Jyoti Bajpai

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)

11. पर्यावरण संरक्षण,नशा उन्मूलन, परिवार कल्याण,नारी सशक्तीकरण,बालिका सशक्तीकरण, जनसंख्या नियन्त्रण,स्वास्थ्य कल्याण, टीकाकरण, कुष्ठ उन्मूलन, दहेज उन्मूलन,वेश्यावृत्ति उन्मूलन, उपभोक्ता संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा विकास कार्यक्रम, वृक्षारोपण, सामाजिक वानिकी, पर्यटन शिक्षा, पर्यटन विकास, गरीबी उन्मूलन, मलिन बस्ती विकास, वैज्ञानिक खोज,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विकास, कृषि विविधीकरण, हरियाली कार्यक्रम, प्रदूषण नियंत्रण,ऊसर बंजर भूमि सुधार, भूमि विकास, बागवानी विकास, वैकल्पिक ऊर्जा विकास, गौ संरक्षण,गौ पालन,भूमि एवं जल प्रबंधन,आपदा प्रबन्धन,मधुमक्खी पालन,पशु पालन, मत्स्य पालन, दुग्ध विकास पशु–पक्षी संरक्षण आदि कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करना।

12. प्रौढ़ शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, विज्ञान शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, कम्प्यूटर शिक्षा, इलेक्ट्रानिक / इलेक्ट्रानिक शिक्षा,टाइप– शार्ट हैण्ड शिक्षा, पत्रकारिता प्रशिक्षण एवम् अन्य प्रतियोगितात्मक शिक्षा निःशुल्क दिलाने की व्यवस्था करना।

13. इंजीनियरिंग कालेज,डेन्टल कालेज, मेडिकल कालेज,टीचर्स ट्रेनिंग कालेज की स्थापना शासन की अनुमति से करना एवं शासन के आदेशानुसार शिक्षण व्यवस्था करना ।

14. एड्स, कैन्सर,पोलियो,टी0बी0,हेपेटाइटिस,मधुमेह, आदि जानलेवा बीमारियों की पहचान एवं रोकथाम हेतु जागरूकता शिविरों के माध्यम से लोगों को सचेत करना।

15. जन हितार्थ निःशुल्क धमार्थ–चिकित्सालय,मोबाइल चिकित्सालय,मन्दिर,अनाथालय छात्रावास, व्यायामशाला, विधवा आश्रम, वृद्ध आश्रम, शिशु पालन गृह ,बालवाडी आंगनवाड़ी, पार्क,सौन्दरीकरण अतिथि गृह आदि की निःशुल्क व्यवस्था करना।

16. ग्रामीण स्वच्छता, शुद्ध पेय जल एवं जल व भूमि प्रबंधन कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करना।

17. दैवीय आपदाओं जैसे बाढ़,सूखा, अग्निकांड़, भूकम्प, ओलावृष्टि,तूफान आदि के समय पीड़ितों की हर सम्भव सहायता करना।

18. समाज के मेधावी एवं निर्धन छात्रों को निःशुल्क शिक्षा एवं पुस्तकीय सहायता दिलाने की व्यवस्था करना।

19. ट्राइसेम योजना/एकीकृत ग्राम्य विकास योजनान्तर्गत महिलाओं एवं बेरोजगारों को निःशुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण दिलाकर स्वावलम्बी बनाना तथा उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का आयोजन करना ।

20. जड़ी बूटियों एवं प्राकृतिक वनौषधियों को उगाना एवं उनकी उपयोगिता के बारे में लोग को जानकारी देना तथा जड़ी बूटियों की खेती करने हेतु कृषकों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था करना तथा कृषि एवं ग्राम्य विकास हेतु सर्वेक्षण, शोध ए अनुसंधान कार्य करना।

21. गौशाला /गौ आश्रम की स्थापना कर गायों की सेवा करना एवं गौ संरक्षण करना ।

22. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित कार्यकमोंका प्रचार प्रसार करना ।

Manisha Tiwari

Jyoti Bajpai

Amit

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)

# स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट

पता–स्मृति वाटिका प्रीतमपुरवा,बोझवा,भजरा मटेहिया परगना भूड तह0 पलियाकलॉ
जिला–खीरी के प्रबन्धकारिणी समिति की सूची वर्ष 2014.15

| क्र0 | नाम / पिता / पति का नाम | पता | पद | व्यवसा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मनीषा तिवारी<br>पत्नी श्री अनित तिवारी<br>पुत्री श्री श्रीकृष्ण अग्निहोत्री | स्मृति वाटिका प्रीतमपुरवा,बोझवा,मजरा मटेहिया परगना भूड तह0 पलियाकलॉ जिला–खीरी । | अध्यक्ष | गृह |
| 2 | श्री रामचन्द्र शुक्ल<br>पुत्र श्री माधवराम | ग्राम गोविन्दापुर पो0अम्बारा थाना भीरा परगना भूड तह0गोला जिला–खीरी | उपाध्यक्ष | कृ |
| 3 | श्री सत्येन्द्र प्रकाश तिवारी<br>पुत्र श्री शिव प्रसाद तिवारी | ग्राम बुझवा पुरवा मजरा मटेहिया थाना भीरा जनपद खीरी उ0प्र0। | प्रबन्धक / सचिव | कृ |
| 4 | श्री अनित शर्मा<br>पुत्र श्री एस0पी0शर्मा | ग्राम व पो0भीरा जिला–खीरी | कोषाध्यक्ष | कृ |
| 5 | श्रीमती ज्योति बाजपेयी<br>पत्नी श्री चेतन बाजपेयी<br>पुत्री श्री एस0प्रकाश | ग्राम व पो0 मटेहिया जिला– खीरी । | सदस्य | गृह |
| 6 | श्री चन्द्रशेखर मिश्र<br>पुत्र श्री बद्री प्रसाद मिश्र | ग्राम मितौली पो0मितौली परगना हैदराबाद तह0 मितौली जिला–खीरी | सदस्य | कृ |
| 7 | श्री मोहन कृष्ण सक्सेना<br>पुत्र श्री कर्ताकृष्ण सक्सेना | सरॉय मालीखॉ चौक लखनऊ | सदस्य | चिकि |

सत्यप्रतिलिपि
हस्ताक्षर ::—

Manisha Tiwari          Jyoti Bajpai

Amit

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)

# संशोधित नियमावली

(1) संस्था का नाम :: स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट।

(2) संस्था का पता :: स्मृति वाटिका, प्रीतमपुरवा, बोझवा मजरा मटेहिया परगना भूड तह0 पलियाकलाँ, जिला– खीरी।

(3) संस्था का कार्यक्षेत्र :: सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश।

(4) संस्था की सदस्यता तथा सदस्यों के वर्ग :

सदस्यता :: इसमें वे सभी व्यक्ति सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा संस्था के नियमों एवं उद्देश्यों में आस्था रखते हों सदस्य बनाये जा सकेगा। सदस्यता हेतु प्रबन्धक/सचिव की अनुमति आवश्यक होगी एवं समस्त निर्णय समिति के सदस्यों की आम सहमति से लिये जायेंगे।

आजीवन सदस्य:: जो व्यक्ति संस्था को निस्वार्थ भाव से एक मुश्त रूपया 11000/– नकद (ग्यारह हजार) या इतने ही मूल्य की सम्पत्ति प्रदान करेगा, वह व्यक्ति संस्था का आजीवन सदस्य बनाया जायेगा।

सामान्य सदस्य :: जो व्यक्ति संस्था के विकास हेतु रूपया 1100 /– वार्षिक प्रदान करेगा वह संस्था का सामान्य सदस्य बनाया जायेगा ।

संरक्षक सदस्य :: समाज के प्रतिष्ठित सुशिक्षित एवं गणमान्य व्यक्ति जैसे विधायक, सांसद, कलाकार, पत्रकार, शिक्षाविद एवं अन्य प्रतिष्ठित व समाजसेवी व्यक्ति प्रशासनिक एव अन्य उच्च सेवाओं के व्यक्तियों को प्रबन्धकारिणी समिति के अनुमोदन से संस्था का संरक्षक सदस्य मनोनीत किया जायेगा ।

(5) सदस्यता की समाप्ति::

1. मृत्यु हो जाने पर।
2. पागल या दिवालिया हो जाने पर।
3. संस्था के प्रति हानिंकारक कार्य करने पर।
4. किसी अपराध में न्यायालय द्वारा दण्डित होने पर।
5. नियमित रूप से सदस्यता शुल्क न जमा करने पर।
6. अविश्वास प्रस्ताव एवं त्याग–पत्र पारित होने पर।
7. बिना सूचना दिये लगातार 3 बैठकों में अनुपस्थित रहने पर

(6) संस्था के अंग::

(अ) साधारण सभा।
(ब) प्रबन्धकारिणी समिति।

प्रबन्धक
स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट
स्मृति वाटिका प्रीतमपुरवा बोझवा - खीरी

Manisha Tiwari

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

सत्य प्रतिलिपि

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)

(7) **साधारण सभा::**

**गठन ::**

संस्था के आजीवन सदस्यों ,सामान्य सदस्यों एवं संरक्षक सदस्यों को मिलाकर साधारण सभा का गठन होगा।

**बैठकें :**

साधारण सभा की सामान्य बैठक साल में एक बार व विशेष बैठक कभी भी आवश्यकतानुसार सदस्यों को सूचना देकर बुलायी जा सकती है।

**सूचना अवधि ::**

साधारण सभा की सामान्य बैठक की सूचना 15 दिन पूर्व तथा विशेष बैठक की सूचना 7 दिन पूर्व सदस्यों को दी जायेगी।

**गणपूर्ति ::**

साधारण सभा के कुल सदस्यों में से 2/3 सदस्यों की उपस्थिति गणपूर्ति मान्य होगी।

**विशेष वार्षिक अधिवेशन की तिथि ::**

साधारण सभा का वार्षिक अधिवेशन साल में एक बार होगा जिसकी तिथि प्रबन्धकारिणी समिति के दो तिहाई सदस्यों के बहुमत से तय की जायेगीं ।

**साधारण सभा के अधिकार एवं कर्तव्य ::**

1 प्रबन्धकारिणी समिति का निर्वाचन करना।
2 संस्था का वार्षिक बजट एवं वार्षिक रिपोर्ट पास करना।
3 संस्था के नियमों एवं विनियमों में संशोधन, परिवर्तन एवं परिवर्धन 2/3 सदस्यों के बहुमत से पारित करना।

(8) **प्रबन्धकारिणी समिति ::**

**गठन ::**

साधारण सभा द्वारा निर्वाचित सदस्यों को मिलाकर प्रबन्ध कारिणी समिति का गठन होगा, जिसमें अध्यक्ष–एक, उपाध्यक्ष–एक, प्रबन्धक/सचिव–एक, कोषाध्यक्ष–एक, सदस्य– 03 होंगे। इस प्रकार कुल संख्या 07 होगी। आवश्यकतानुसार सदस्य संख्या बढाई व घटाई भी जा सकेगी परन्तु न्यूनतम संख्या 7 व अधिकतम संख्या 1/2 सदस्यों की सहमति से घटाई व बढ़ाई भी जा सकती है।

**बैठकें ::**

प्रबन्धकारिणी समिति की सामान्य बैठक साल में चार बार व विशेष बैठक कभी भी आवश्यकतानुसार सदस्यों को सूचना देकर बुलाई जा सकती है

**सूचना अवधि ::**

प्रबन्धकारिणी समिति की सामान्य बैठक की सूचना 7 दिन पूर्व व विशेष बैठक की सूचना 3 दिन पूर्व सदस्यों को दी जायेगी।

**गणपूर्ति ::**

प्रबन्धकारिणी समिति के कुल सदस्यों में से 2/3 सदस्यों की उपस्थिति गणपूर्ति मान्य होगी।

Manisha Tiwari

सत्य प्रतिलिपि

प्रबन्धक
स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति ::**

प्रबन्धकारिणी समिति के अंतर्गत जब कोई भी आकस्मिक स्थान रिक्त होता है, तो उसकी पूर्ति साधारण सभा के 2/3 सदस्यों के बहुमत से की जायेगी।

**प्रबन्धकारिणी समिति के अधिकार एवं कर्तव्य ::**

1 संस्था की उन्नति के लिए आवश्यक कार्य करना।
2 संस्था की वार्षिक रिपोर्ट एवं वार्षिक बजट तैयार करना।
3 उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राज्य सरकार केंद्र सरकार स्थानीय निकायों, दानशील व्यक्तियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 केंद्रीय एवं राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड, कपार्ट ,अवार्ड, नाबार्ड ,सिडबी मानव संसाधन विकास मंत्रालय यूनीसेफ ड्वाकरा, सिफ्सा सैफ इण्डिया हेल्पेज इण्डिया आक्सकाम इण्डिया, सूडा, डूडा, विश्व स्वास्थ्य संगठन, राष्ट्रीय महिला कोष विश्व बैंक, केयर वन विभाग, वन मंत्रालय वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार पशुधन विकास मंत्रालय पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, उ0प्र0 केन्द्रीय महिला कल्याण निगम, महिला कल्याण मंत्रालय,, अल्प संख्यक विभाग बोर्ड उ0प्र0 अल्प संख्यक वित्त एवं विकास निगम, युवा कल्याण एवं सांस्कृतिक विभाग, राजीव फाउण्डेशन, पिछड़ा वर्ग कल्याण निदेशालय, विकलांग कल्याण निदेशालय, उद्यान विभाग उ0प्र0 राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं सांसद निधि, विधायक निधि तथा अन्य स्रोतों से ऋण अनुदान एवं वित्तीय सहायता प्राप्त करना।
4 संस्था के लिए चल अचल सम्पत्ति दान स्वरूप प्राप्त करना, क्रय करना और उसकी सुरक्षा व्यवस्था करना।
5 संस्था की शाखाओं एवं उपसमितियों का गठन मण्डल स्तर, जिला, नगर, तहसील व ब्लाक स्तर पर करना उनका कार्य निर्धारण करना एवं उन पर नियन्त्रण रखना।

**कार्यकाल ::**

प्रबन्धकारिणी समिति का कार्यकाल पांच साल का होगा।

(9) **प्रबन्धकारिणी समिति के पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य ::**

**अध्यक्ष ::**

1 समस्त बैठकों की अध्यक्षता करना।
2 बैठकों के लिए तिथि अनुमोदन करना, तिथियों में परिवर्तन करना एवं बैठकों को स्थगित करना।
3 समान मत होने पर निर्णायक मत देना।
4 बैठक में शांति व्यवस्था कायम करना।
5 संस्था के विकास हेतु अन्य कार्य करना।

प्रबन्धक
स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट
स्मृति वाटिका गतापुरवा बोझवा --खीरी

Amit Manisha Tiwari

सत्य प्रतिलिपि

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

**उपाध्यक्ष::**

अध्यक्ष की अनुपस्थिति में कार्य करना एवं उसके कार्यों में सहयोग प्रदान करना।

**प्रबन्धक / सचिव ::**

1 संस्था का कार्य मुख्य कार्यपालक के रूप में करना।
2. प्रबन्धकारिणी समिति के निर्णयों को कार्यान्वित करना।
3. पारित बजट के अंतर्गत व्यय की स्वीकृति देना।
4 राजकीय सहायता अनुदान ऋण प्राप्त करना।
5 संस्था की समस्त चल अचल सम्पत्ति की रक्षा करना और उस पर नियंत्रण रखना।
6 सदस्यों के नामांकन पर विचार करना तथा सदस्य बनने की अनुमति प्रदान करना।
7 वैतनिक कर्मचारियों की नियुक्ति, निष्कासन,पदोन्नति, वेतन वृद्धि, निलम्बन व बहाली करना।
8 समिति की स्वीकृति की प्रत्याशा में आवश्यकतानुसार धन व्यय करना।
9 संस्था के आडिट की व्यवस्था करना।
10 संस्था से सम्बन्धित समस्त बिल व वाउचरों अनुबन्ध पत्रों संविदों आहरण पत्रों नियुक्ति पत्रों लेखों विलेखों बन्धक पत्रों ऋण पत्रों डिमान्ड पत्रों आदि पर हस्ताक्षर करना।
11 संस्था की ओर से समस्त पत्र व्यवहार करना ।
12 संस्था के अभिलेख व प्रपत्र सुरक्षित रखना ।
13 बैठकों की सूचना सदस्यों को लिखित रूप में देना ।
14 संस्था की ओर से अदालती कार्यवाही करना।
15 बैठकों की कार्यवाही लिपिबद्ध करना व सुनाना।
16 सदस्यों का नाम रजिस्टर पर लिखना ।

**कोषाध्यक्ष::**

1 आय व्यय का लेखा जोखा रखना।
2 दान, चन्दा, सदस्यता शुल्क प्राप्त कर रसीद देना तथा प्राप्त धन बैंक में जमा करना।
3 समिति के आकस्मिक कार्य हेतु 5000/– रूपये तक नगद रखना।
4 प्रबन्धक/सचिव द्वारा हस्ताक्षरित बिलों का भुगतान करना ।
5 संस्था के विकास हेतु अन्य कार्य करना।

**(10) संस्था के नियमों एवं विनियमों में संशोधन प्रक्रिया ::**

साधारण सभा के 2/3 सदस्यों के बहुमत से संस्था के नियमों एवं विनियमों में संशोधन परिवर्तन एवं परिवर्धन किया जायेगा।

**(11) संस्था का कोष ::**

संस्था का कोष किसी राष्ट्रीकृत बैंक स्थानीय मान्यता

प्रबन्धक
स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट

Amit Manish Tiwari

सत्य प्रतिलिपि

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur Kheri

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira

प्राप्त बैंक/ सहकारी बैंक/ शेड्यूल्ड बैंक/ पोस्ट आफिस में संस्था के नाम से खाता खोलकर जमा किया जायेगा, जिसका संचालन (आहरण ) प्रबन्धक/सचिव एवं अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा।

(12) <u>संस्था के आय–व्यय का लेखा परीक्षण (आडिट) ::</u>

संस्था के आय व्यय का लेखा परीक्षण प्रति वर्ष सुयोग्य आडीटर द्वारा कराया जायेगा ।

(13) <u>संस्था द्वारा अथवा उसके विरूद्ध अदालती कार्यवाही के संचालन का उत्तरदायित्व ::</u>

संस्था द्वारा अथवा उसके विरूद्ध अदालती कार्यवाही के संचालन का उत्तरदायित्व प्रबन्धक/सचिव पर होगा या उसके द्वारा अधिकृत अन्य व्यक्ति पर होगा ।

**14. संस्था के अभिलेख :–**

1. सदस्यता रजिस्टर,
2. कार्यवाही रजिस्टर,
3. स्टाक रजिस्टर,
4. एजेण्डा रजिस्टर,
5. कैशबुक आदि।

**15 संस्था के विघटन एवं विघटित सम्पत्ति के निस्तारण की कार्यवाही सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 13 व 14 के अन्तर्गत की जायेगी।**

**16. सी0बी0एस0ई0 की मान्यता हेतु विभाग/शासन के द्वारा कम क से ट तक के प्रतिबन्ध :**

(क) विद्यालय की पंजीकृत सोसाइटी का समय–समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

(ख) विद्यालय की प्रबन्धसमिति में राज्य सरकार के जिला स्तर के किसी अधिकारी को संस्था द्वारा सदस्य के रूप में नामित किया जायेगा।

(ग) विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मेधारी बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं लिया जायेगा।

(घ) संस्था द्वारा राज्य सरकार से कोई अनुदान की माँग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेण्ड्री एजूकेशन, नई

प्रबन्धक
स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट

Manish Tiwari

सत्य प्रतिलिपि

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur Kheri

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa-Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)

6.

दिल्ली/काउन्सिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट इक्ज़ामिनेशन, नई दिल्ली से प्राप्त होती है, तो उक्त परीक्षा परिषदों से सम्बद्धता प्राप्ति की तिथि से परिषद से मान्यता और राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगी।

(ङ) संस्था के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों और अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

(च) कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्ति लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

(छ) राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे संस्था उसका पालन करेगी।

(ज) विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जा रही है तथा भविष्य में भी हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाई जायेगी।

(झ) विद्यालय का रिकार्ड प्रपत्र पंजिकाओं में रखा जायेगा।

(ञ) उपर्युक्त क्रम क से झ में कोई परिवर्तन/संशोधन बिना शासन एवं विभाग की अनुमति के नहीं किया जायेगा।

(ट) उपर्युक्त क्रम क से ज तक के प्रतिबन्धों को सोसाइटी के बाइलाज में सम्मिलित करना अनिवार्य होगा।

सत्यप्रतिलिपि

दिनांकः

हस्ताक्षर –

Amit Manisha Tiwari

प्रबन्धक
स्मृति महाविद्यालय समिति ट्रस्ट
स्मृति वाटिका शेखपुरवा बाझवा – खीरी

सत्य प्रतिलिपि

MANAGER
Smriti Public School
Near Sai Dham Bojhwa
Bhira-Palia Road
Lakhimpur-Kheri (U.P.)

PRINCIPAL
SMRITI PUBLIC SCHOOL
Palia Road, Bojhwa Bhira
Lakhimpur-Kheri (UP)